तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 24 जुलाई 2026



12 शिवरीनारायण की राजलक्ष्मी बनीं मिस छत्तीसगढ़





13 खाद्य विभाग की टीम ने शिक्षण संस्थानों के पास...







B.M. COLLEGE

BCA BBA

PGDCA B.Ed.

आई.टी.आई.

▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन

▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर

▸ डीजल मैकेनिक

▸ फायर टेक्नालॉजी

▸ स्टेनो हिन्दी

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

9340311314, 9300850065

9303898329, 9098849923

अंतिम तिथि-24/07/26


## खबर संक्षेप

### उद्यानिकी फसल के लिए बीमा 31 जुलाई तक

**बलौदाबाजार**। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत जिले में खरीफ वर्ष 2026-27 के लिये राजस्व निरीक्षक मण्डल स्तर पर उद्यानिकी फसलों टमाटर, बैगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू फसलों को अधिसूचना जारी किया गया है। ऋणी एवं अऋणी रूप से फसल बीमा कराने के अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। सहायक संचालक उद्यान आभा पाठक ने बताया कि जिले के समस्त किसान इस योजना का लाभ उठाकर अपने फसलों का बीमा करवा सकते है। किसान अपने नजदीकी बैंक सहकारी समिति अथवा लोक सेवा केन्द्र एवं बीमा से जुड़ी जानकारी एवं समस्याओं के समाधान हेतु बीमा कंपनी के जिला समन्वयक पालेश्वर वर्मा से संपर्क कर सकते हैं। विकासखण्डवार अधिकारियों में विकासखण्ड सिमगा अंतर्गत ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी अमन राठौर, भाटापारा ग्रामीण उद्यान ▸▸ शेष पेज 12 पर

**आंदोलन : छात्रों से जुड़े मुद्दों पर उठाई आवाज**

# केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर गुरुवार को बलौदाबाजार में शहर कांग्रेस कमेटी एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में केंद्र सरकार की नीतियों तथा नई दिल्ली में छात्रों, कांग्रेस नेताओं और शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई के विरोध में ब्लॉक स्तरीय प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सेन एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक साहू ने किया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस की कार्रवाई की आलोचना करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि छात्रों और युवाओं की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसका लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रहेगा।

इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग, परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं पर संसद में चर्चा कराने तथा छात्रों एवं शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों ▸▸ शेष पेज 12 पर



## ब्लॉक कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का फूंका पुतला





**कसडोल**। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल के तत्वावधान में गायत्री चौक पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला दहन किया गया। देश की शिक्षा व्यवस्था में हो रही धांधलियों और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।राष्ट्रीय परीक्षाओं में हो रही गड़बड़ियों, पेपर लीक की घटनाओं और धांधली के कारण देश के लाखों होनहार छात्रों का भविष्य अंधकार में लटक गया है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जिम्मेदारी लेने और सुधार करने में पूरी तरह विफल साबित हुए हैं, इसलिए उन्हें अपने पद से तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। कसडोल में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो और छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बंद करो के नारे लगाए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष दयाराम वर्मा, योगेश बंजारे, डॉ विशाल खुसरो, गायत्री कैवर्तय, नीलू, चंदन साहू, लक्ष्मी साहू, गोविंद मिश्रा, पंकज जयसवाल, जागेश्वर वर्मा, द्वारका निर्मलकर, प्रकाश छतरी, खिलावन डहरिया, मुरारी धीवर, रुद्र शंकर, नरेंद्र छत्रीय, लक्ष्मी शंकर जायसवाल, चंद्र प्रकाश साहू, जीतू धीवर, साहिल यादव, कमल पटेल, गोल्डी साहू, सूर्य यादव, नागेश श्रीवास, गणेश दास ,पेखन ध्रुव, लीला धीवर, पूरी राम कोसले, अशोक पटेल, हिंगेश्वर प्रसाद सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

### द्वितीय चरण

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **द्वितीय चरण सत्र 2026-27** में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (Dialysis) डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| रायपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरायपाली | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| धमतरी | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| जगदलपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| बीजापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| कांकेर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| अंबिकापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| सूरजपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही 55 रुपये का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि दें।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 20.08.2026 तक।**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-25.08.2026 तक।**

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,

संचालक

पैरामेडिकल संस्थान, प्रथम तल, मेहर हाइट्स, यश बिग बाजार एवं एसबीआई बैंक के पास, राज किशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

महोदय,

........................ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ........................ 2. पिता / पति ........................

3. जन्म तिथि अंकों में ........................ 4. वर्ग: - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐

5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ........................ पोस्ट ........................ तहसील ........................

थाना ........................ जिला ........................ पिन कोड ☐

मो. नं. 1 ........................ मो. नं. 2 ........................ वाट्सअप नं. ........................

6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ........................

7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)





## खबर संक्षेप

### देहदान कर स्वास्थ्य क्षेत्र में गणेश दास ने दिया योगदान

**बिलाईगढ़।** स्वास्थ्य क्षेत्र में विभिन्न बीमारियों के अध्ययन के लिए समाजसेवियों का देहदान, अमूल्य योगदान है। इसी कड़ी में देहदान संकल्प करने वाले दोन्देखुर्द रायपुर निवासी 80 वर्षीय गणेश दास मानिकपुरी का बुधवार को निधन हो गया। मानव सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता जीवन के अंतिम चरण तक बनी रही। उन्होंने



जीते-जी अपना पार्थिव शरीर मेडिकल कॉलेज, रायपुर को देहदान करने का संकल्प लिया था और इसके लिए विधिवत सहमति-पत्र भी भर दिया था। उनका यह प्रेरणादायी निर्णय परिवार, समाज और नई पीढ़ी के लिए सेवा, विज्ञान और मानवता का अनुकरणीय संदेश छोड़ गया है। उनके निधन से परिवार, शुभचिंतकों तथा सामाजिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में रुचि रखने वालों में शोक व्याप्त है। वे प्रख्यात समाजसेविका स्वर्गीय अम्बा देवी के पति व जनसंपर्क अधिकारी विजय मानिकपुरी के पिता थे। गणेश दास मानिकपुरी अपने पीछे भरा-पूरा परिवार, अनेक शुभचिंतक और समृद्ध सामाजिक-सांस्कृतिक विरासत छोड़ गए हैं। उनके निधन से समाज ने एक विद्वान, कर्मठ, सिद्धांतनिष्ठ और स्पष्टवादी व्यक्तित्व को खो दिया है। उनकी सादगी, सामाजिक प्रतिबद्धता और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। रामायण के प्रख्यात टीकाकार,

### जिले में विशेष ग्रामसभा का आयोजन 30 को

**बलौदाबाजार।** पंचायत संचालनालय के निर्देशानुसार 30 जुलाई को जिले के प्रत्येक ग्राम में ग्राम सभा का आयोजन करने हेतु कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आदेशित किया है। ग्रामसभा में शतप्रतिशत उपस्थिति एवं गणपूर्ति सुनिश्चित कराने का दायित्व संबंधित सरपंच एवं पंचों का होगा। ग्राम सभा में विशेष रूप से 16 वे वित्त आयोग अंतर्गत 2026-27 के लिए निर्मित ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) का निर्माण एवं अनुमोदन किया जाना है। इसके अतिरिक्त एजेण्डाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत स्थायी प्रतिक्षा सूची एवं आवास प्लस सूची तथा मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अपात्र हितग्राहियों का नाम विलोपन हेतु ग्राम सभा प्रस्ताव पारित किये जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत स्वीकृति उपरांत अप्रारंभ आवासों को प्रारंभ एवं अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु सूची का वाचन, आवास हितग्राहियों की स्वीकृति का वाचन, आवास हितग्राहियों का समयावधि में आवास बनाने का संकल्प, ग्राम पंचायत क्षेत्र में प्राप्त रोजगार एवं आजीविका संबंधी मांगो का संकलन एवं अनुमोदन, चयनित कार्यों को ग्राम सभा से अनुमोदित कर कार्य योजना में सम्मिलित करने का प्रस्ताव पारित किया जाएगा। महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग, की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना।

## पेज 11 के शेष

### केंद्र सरकार की...

के विरुद्ध दर्ज सभी एफआईआर और आपराधिक प्रकरण तत्काल वापस लेने की मांग उठाई। प्रदर्शन में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राकेश वर्मा, पूर्व अध्यक्ष परमेश्वर यदु, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विक्रम पटेल, जिला प्रभारी महामंत्री छल्ला साहू, जिला महामंत्री लखेश साहू, जितेंद्र नवरत्न, पार्षद डिगेश्वरी रविंद्र नामदेव, सुभाष राव, धर्मेंद्र वर्मा, नीरज बांधे, भावेश वर्मा, दीनदयाल साहू, नीलकंठ साहू सहित कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### उद्यानिकि फसल के...

विस्तार अधिकारी बालकृष्ण राठौर, बलौदाबाजार उद्यान अधीक्षक हीरासिंह पैकरा, पलारी उद्यान अधीक्षक पुकराम टैगर एवं कसडोल में ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी रवि कुमार बघेल से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**धरना प्रदर्शन : केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान की नैतिक जिम्मेदारी, विधायक इन्द्र साव ने इस्तीफे की मांग की**

# सरकार को छात्रों के आक्रोश के सामने झुकना पड़ेगा : विधायक इन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

प्रदेश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा नीट पेपर लीक मामले में नई दिल्ली के जंतर-मंतर एवं संसद परिसर के बाहरं शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी, कांग्रेस सांसदों, वरिष्ठ नेताओं और अपने हक की लड़ाई लड़ रहे निर्दोष छात्रों, युवाओं के खिलाफ जिस बर्बरतापूर्ण, अलोकतांत्रिक कार्रवाई की गई, इसके खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसजनों ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री इस्तीफा दो के नारे लगाये। धरना के अंत में महामहिम राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सौंपे।

धरना प्रदर्शन को सतीश अग्रवाल, सुशील शर्मा, आलोक मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा, अजय ठाकुर, सत्यजीत शेण्डे, राजा तिवारी, भरत वर्मा, अय्युब बांठिया ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश साहू ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रभारी जितेन्द्र नवरत्न, सुधेराम वर्मा, घनाराम साहू, त्रिलोक सलूजा, सीरिज जांगड़े, सुरेन्द्र यदु, गौरी भृगु, अशोक ध्रुव, नानू सोनी, बिमलेश्वरी ध्रुव, चन्द्रशेखर चक्रधारी पार्षद, ठाकुर राम साहू पार्षद, मनमोहन कुर्रे, मोहन निषाद, विवेक यदु, दाऊ संतोष अग्रवाल, विमल शर्मा, जीत साव हंसराज बंसल के अलावा बडी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।



### पेपर लीक पर जवाब दे मोदी सरकार

धरना को संबोधित करते हुए विधायक इन्द्र साव ने कहा, देश के इतिहास का यह काला दिन, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा कि केंद्र की दमनकारी सरकार ने संसद से लेकर सड़क तक विपक्ष की आवाज को दबाने का घृणित प्रयास किया है। मोदी सरकार देश के 23 लाख युवाओं के साथ धोखा कर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किए, इस घटना से प्रभावित 20 से अधिक बच्चे आत्महत्या कर लिए। क्या शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान की नैतिक जिम्मेदारी नहीं बनती ? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व गुरू बनने का दावा करते है। दुनिया का शक्ति शाली व्यक्ति बनने का दावा करते है। देश की सुरक्षा की सुरक्षा बड़ी-बड़ी दावे करते है। दुनिया में डंका बजने का दावा करते है, लेकिन एक परीक्षा सही ढंग से संपन्न नहीं करा पा रहे है, पेपर लीक मामले में संसद में चर्चा नहीं कर पा रहे है।

### कांग्रेस छात्रों की लड़ाई जारी रखेगी

विधायक इन्द्र साव ने धरना के माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान इस्तीफा दे। परीक्षा में हुई अनियमितता और व्यवस्थागत विफलताओं पर संसद में तत्काल चर्चा हो और नई दिल्ली में संबंधित विरोध प्रदर्शनों के दौरान छात्रों एवं शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज सभी आपराधिक मामले तुरंत वापस लिया जाए। साव ने कहा कि देश में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। कांग्रेस पार्टी न तो इस तानाशाही से डरेगी और न ही पीछे हटेगी। नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में छात्रों, युवाओं और आम जनता के हक की लड़ाई संसद से लेकर सड़क तक पूरी मजबूती के साथ लड़ी जाएगी। केंद्र सरकार कों छात्रों एवं युवाओं के आक्रोश के सामने झुकना पडेगा।

## जंतर-मंतर लाठीचार्ज के विरोध में सुहेला में कांग्रेस का प्रदर्शन

**सुहेला।** नई दिल्ली के जंतर-मंतर में विद्यार्थियों पर हुए कथित लाठीचार्ज, वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के खिलाफ दर्ज एफआईआर एवं गिरफ्तारी के विरोध में गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुहेला द्वारा तिगड्डा चौक में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भानुप्रताप वर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए।धरना-स्थल पर कांग्रेसजनों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विद्यार्थियों पर बल प्रयोग की निंदा की। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि छात्रों की आवाज को दबाने के लिए दमनात्मक कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। शांतिपूर्ण विरोध करने वाले छात्रों एवं कांग्रेस नेताओं पर दर्ज प्रकरणों को तत्काल वापस लेने की मांग भी की गई।उक्त अवसर पर अयाज अहमद फारूखी, संतोष चंद्राकर, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, गजेंद्र वर्मा, प्रदीप निर्मलकर, नंदकुमार साहू, मकसूदन साहू, रमेश वर्मा सेवकराम साहू, राजू, बसंत आडील, शकुंतला बघमार, उर्मिला ध्रुव, हेमंत नायक, शेखर यादव, पिकेट जायसवाल सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी, कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छात्रों के समर्थन में आवाज बुलंद की तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की।



### दमन नहीं न्याय करे केंद्र सरकार

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि देश का युवा अपने भविष्य, शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता की मांग कर रहा है, लेकिन उनकी आवाज सुनने के बजाय बल प्रयोग और दमन की नीति अपनाई जा रही है, जो लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि छात्रों के साथ न्याय नहीं हुआ और दमनात्मक कार्रवाई वापस नहीं ली गई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। पूर्व विधायक जनकराम वर्मा ने कहा कि देश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। छात्रों की जायज मांगों को सुनने के बजाय उन पर लाठीचार्ज और विपक्षी नेताओं पर एफआईआर दर्ज करना लोकतंत्र की भावना के विपरीत है। केंद्र सरकार को दमन की राजनीति छोड़कर युवाओं के हित में ठोस निर्णय लेने चाहिए।

### छात्रों पर दर्ज मामले वापस हों

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भानुप्रताप वर्मा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा छात्रों, युवाओं और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। जंतर-मंतर की घटना लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा हमला है। छात्रों पर दर्ज सभी प्रकरण वापस लिए जाएं तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे। पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भुवनेश्वर वर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। छात्रों और कांग्रेस नेताओं पर की गई कार्रवाई दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस कार्यकर्ता अन्याय के खिलाफ लगातार संघर्ष करते रहेंगे और युवाओं की आवाज को दबाने की हर कोशिश का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करेंगे।

# पति के देर रात घर नहीं लौटने पर दहशत में आई नवविवाहिता, पी लिया पेट्रोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

■ डायल 112 की सजगता से बची जान

बुधवार की रात थाना पलारी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक ग्राम में एक संवेदनशील मामला सामने आया। यहां पति के देर रात तक घर न लौटने पर किसी अनहोनी की आशंका से भयभीत होकर एक 20 वर्षीय महिला ने आत्महत्या की नीयत से पेट्रोल पी लिया। सूचना मिलते ही थाना पलारी की डायल 112 टीम ने तत्परता और संवेदनशीलता दिखाते हुए महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में भर्ती कराया, जहां सही समय पर इलाज मिलने से उसकी जान सुरक्षित बच गई।

कंट्रोल रूम से रात्रि 8 बजे सूचना प्राप्त होते ही पलारी बाज-01 में तैनात आरक्षक क्रमांक 565 भास्कर प्रसाद और वाहन चालक दीपक साहू बिना कोई समय गंवाए तत्काल घटनास्थल संबंधित ग्राम के लिए रवाना हुए। मौके पर पहुँचने पर परिजनों ने बताया कि नवविवाहिता का पति देर रात तक घर वापस नहीं आया था। पति के साथ कोई अनहोनी होने की आशंका से महिला डर गई और मानसिक रूप से परेशान होकर उसने घर में रखा गाड़ियों में इस्तेमाल होने वाला पेट्रोल आत्महत्या करने के इरादे से पी लिया। महिला की तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी, जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया।

साथ ही पुलिस ने अपील की है कि जीवन अनमोल है, किसी भी प्रकार के तनाव या डर की स्थिति में घबराएं नहीं और न ही कोई जल्दबाजी में गलत कदम उठाएं। समस्याओं का समाधान अपनों से बात करके निकालें। आपातकालीन स्थिति में पुलिस आपकी मदद के लिए सदैव तत्पर है, तुरंत डायल 112 पर संपर्क करें।

### डॉक्टरों ने बताया खतरे से बाहर

मामले की संवेदनशीलता को भांपते हुए आरक्षक भास्कर प्रसाद और चालक दीपक साहू ने एक सेकंड का भी विलंब नहीं किया। पुलिस जवानों ने परिजनों की उपस्थिति में पीड़िता को तत्काल डायल 112 वाहन में बैठाया और सायरन बजाते हुए सीधे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी लेकर पहुँचे। अस्पताल पहुंच कर डॉक्टरों को आपातकालीन स्थिति से अवगत कराया गया और महिला का तत्काल इलाज शुरू किया गया। उपचार के दौरान सही समय पर डॉक्टरी सहायता मिल जाने के कारण डॉक्टरों ने पुष्टि की कि महिला अब पूरी तरह सुरक्षित और खतरे से बाहर है।

### घर के सामने से बाइक चोरी

**महासमुंद।** घर के सामने से बाइक चोरी होने के मामले में बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सिवनी खुर्द निवासी कादिर खान ने 14 जुलाई को अपनी बजाज पल्सर 150 क्रमांक- सीजी 06 जीडब्लू 1322 को अपने दोस्त रजा खान झलप चौक व्यापारी तालाब वार्ड नं 2 बागबाहरा निवासी को निजी कार्य से दिया था, जिसने अपना काम करने के बाद 22 जुलाई को लगभग 01 बजे अपने घर के सामने खड़ा किया था।

# निर्माणाधीन नाले में मिला नवजात का शव, क्षेत्र में सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

■ पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगा मौत की परिस्थितियों का खुलासा

थाना क्षेत्र के ग्राम पड़कीडीह में निर्माणाधीन नाले से एक नवजात शिशु का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। यह नाला लोक निर्माण विभाग द्वारा बलौदाबाजार-सिमगा मुख्य मार्ग के किनारे बनाया जा रहा है। सोमवार को निर्माणाधीन नाले में नवजात का शव दिखाई देने पर राहगीरों और ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सुहेला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने नवजात के शव को निर्माणाधीन नाले में फेंक दिया। हालांकि, पुलिस ने अभी इस संबंध में किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से इनकार किया है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर नवजात की पहचान तथा शव को वहां तक पहुंचाने वाले व्यक्ति की पतासाजी में जुटी हुई है।ग्रामीण क्षेत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस हृदयविदारक घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। ग्रामीणों में भय, आक्रोश और चिंता का माहौल है। लोगों का कहना है कि नवजात को इस तरह लावारिस हालत में फेंक देना मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। कुछ ग्रामीणों ने आशंका जताई कि मामला किसी अवैध या सामाजिक रूप से छिपाए गए प्रसंग से जुड़ा हो सकता है, हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने भी कहा है कि जांच पूरी होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही घटना की वास्तविक परिस्थितियां स्पष्ट हो सकेंगी।



### मर्ग कायम कर जांच में जुटी पुलिस

सुहेला थाना प्रभारी प्रमोद सिंह ने बताया कि मामले में पंचनामा कार्रवाई के बाद मर्ग कायम कर लिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है तथा संबंधित व्यक्ति की तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि नवजात की मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई और उसे जीवित अवस्था में वहां छोड़ा गया था या मृत्यु के बाद शव को फेंका गया था। फिलहाल किसी भी प्रकार की अटकलें लगाना उचित नहीं होगा।

# जी राम जी योजना से बनी डबरी सिंचाई और मछली पालन में उपयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करहीबाजार

राज्य में विकसित भारत जी राम जी लागू हो गई है, जिसका असर जनपद पंचायत भाटापारा क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में दिखना प्रारंभ हो गया हैं। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत केसला में डबरी निर्माण यहां निजी भूमि पर हुआ है, जिसका उपयोग आसपास के क्षेत्रों में सिंचाई के साथ साथ मछली पालन जैसे कार्यों में कर रहे हैं। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार की मंशानुसार भूमिगत जल संरक्षण के उद्देश्य से ग्राम पंचायत करहीबाजार में जल अवशोषण गड्ढों का निर्माण किया गया है तथा नया तालाब के निर्माण ने भूमिगत जल संवर्धन को बढ़ाने में काफी मदद मिल रही हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भाटापारा के निर्देश पर कार्यक्रम अधिकारी रश्मि वर्मा एवं तकनीकी सहायक रामेश्वर देवांगन के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत का यह अंतिम छोर जल संवर्धन का बड़े उत्साह के साथ ग्रामीण मजदूरों द्वारा किया जा रहा है। ज्ञात हो कि विकसित भारत जी राम जी के तहत केंद्र सरकार द्वारा 100 दिवस रोजगार प्रदाय दिवस को बढ़ाकर 125 दिवस किया गया है साथ ही मजदूरी दर 300 रुपए कर दिया गया हैं, इसी कारण आसपास के जनप्रतिनिधि एवं ग्राम पंचायत करही बाजार के सरपंच कमला अरुण निषाद, उपसरपंच अशोक पटेल एवं समस्त पंच गण भी इस कार्यक्रम में आवश्यक सहयोग कर रहे हैं।

# माता पहुंचनी पर्व पर भवानीपुर के शीतला माता मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

यहां स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर में गुरुवार को माता पहुंचनी पर्व मनाया गया। पर्व के अवसर पर सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। बड़ी संख्या में महिलाएं अपने छोटे-छोटे बच्चों को गोद में लेकर माता शीतला के दरबार पहुंचीं और अपनी संतानों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए विधिवत पूजा-अर्चना की।

मंदिर परिसर में बच्चों की चहल-पहल, भक्तों की भीड़ और रामधुनी मंडलियों द्वारा प्रस्तुत सेवा-भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। सुबह से देर शाम तक मंदिर के पट दर्शनार्थियों के लिए खुले रहे, जहां श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

मंदिर समिति से जुड़े रघुवर दास वैष्णव ने बताया कि गुरुवार को माता रानी का विशेष वार होने के कारण माता पहुंचनी का पर्व अत्यंत शुभ माना जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने घरों से लाए अन्न,



मिष्ठान, चना दाल, नारियल, नीम पत्र, ऋतुफल एवं श्रृंगार सामग्री माता को अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजन के उपरांत बैगा बाबा ने हल्दी मिश्रित जल को नीम के पत्तों से श्रद्धालुओं पर छिड़ककर आशीर्वाद प्रदान किया तथा प्रसाद का वितरण किया। महराज जी ने माता पहुंचनी पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि इस दिन माता शीतला की आराधना करने से बच्चों को गर्मी, चेचक सहित अन्य संक्रामक बीमारियों से रक्षा मिलने की लोकमान्यता है। इसी कारण छोटे बच्चों की माताएं विशेष श्रद्धा और विश्वास के साथ इस पर्व को मनाती हैं।

। इस अवसर पर बैगा नाथु राम ध्रुव, संतोष ध्रुव, दयालु निषाद, चिंता यादव, चरण निषाद, झब्बू ध्रुव, श्याम लाल ध्रुव, अमितेश साहू सहित ग्रामीण एवं ग्राम प्रमुख जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

**प्रथम स्थान हासिल कर बढ़ाया नगर का गौरव**

# शिवरीनारायण की राजलक्ष्मी बनीं मिस छत्तीसगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

बिलासपुर में न्यू उड़ान जनसेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित मिस छत्तीसगढ़ प्रतियोगिता में शिवरीनारायण की प्रतिभाशाली बेटी राजलक्ष्मी केशरवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर एवं पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास के दम पर उन्होंने निर्णायकों का दिल जीतते हुए मिस छत्तीसगढ़ का खिताब अपने नाम किया।

विजेता बनने के बाद नगर आगमन पर राजलक्ष्मी का भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने अपने परिवार के साथ भगवान शबरी नारायण के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद मेला ग्राउंड स्थित रामायणा कैफेटेरिया में आयोजित सम्मान समारोह में सामाजिक संगठनों एवं नगरवासियों ने पुष्पहार और बुके भेंट कर उनका



अभिनंदन किया।

प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री मंदाकिनी रहीं। उन्होंने राजलक्ष्मी केशरवानी को मिस छत्तीसगढ़ का ताज पहनाकर सम्मानित किया तथा प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और पांच हजार रुपये की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आई प्रतिभागियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।

इस वर्ष प्रतियोगिता की थीम पुरानी हिंदी फिल्म अभिनेत्रियों के लुक एवं स्टाइल पर आधारित थी। प्रतिभागियों ने अभिनय, वेशभूषा, व्यक्तित्व और मंच संचालन के माध्यम से पुराने सिनेमा की झलक प्रस्तुत की। राजलक्ष्मी ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति और आत्मविश्वास से सभी को प्रभावित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।'

राजलक्ष्मी केशरवानी एक अंतरराष्ट्रीय नृत्यांगना भी हैं। वे देश-विदेश के विभिन्न मंचों पर भारतीय संस्कृति और शास्त्रीय नृत्य का प्रदर्शन कर चुकी हैं। भरतनाट्यम की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रशिक्षिका के रूप में उन्होंने अनेक विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देकर इस कला के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।कार्यक्रम का सफल आयोजन न्यू उड़ान जनसेवा फाउंडेशन द्वारा किया गया। संस्था की आयोजक एवं ब्यूटीशियन श्रीमती उषा शर्मा के मार्गदर्शन में ऐसे प्रतिभा प्रोत्साहन कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य महिलाओं एवं युवतियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच उपलब्ध कराना है।

# लगातार सचिव के तबादले से पंचायत का कामकाज ठप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

ग्राम पंचायत हथबंद में बार-बार सचिवों के तबादले से विकास कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं। इससे आक्रोशित होकर सरपंच ढालेश्वरी अनंत और पंचों ने एसडीएम व जनपद सीईओ को ज्ञापन सौंपकर तबादला आदेश निरस्त करने की मांग की है।

सरपंच ढालेश्वरी अनंत ने बताया कि उनके निर्वाचित होने के बाद से अब तक 8 बार सचिव का तबादला किया जा चुका है। पंचायत में काम सुचारू चल रहा था, इसके बावजूद मंगलवार को शिकायत और बुधवार को बिना जांच के सचिव का तबादला कर दिया गया। उन्होंने कहा कि यदि जनहित में आदेश निरस्त नहीं हुआ तो ग्रामीणों के साथ जनपद पंचायत का घेराव किया जाएगा। ज्ञापन पंचायत मंत्री और कलेक्टर के नाम भी सौंपा गया है।

# नाली पाटने से धान के खेत जलमग्न, किसानों ने की तत्काल कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

जारा से तिल्दा जाने वाले मुख्य मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य के दौरान की गई लापरवाही अब किसानों पर भारी पड़ रही है। सड़क किनारे बनी जल निकासी नाली को मिट्टी और मुरुम से पाट दिए जाने के कारण बारिश का पानी खेतों से निकल नहीं पा रहा है। परिणामस्वरूप आसपास के धान के खेतों में लगातार जलभराव हो रहा है और फसल धीरे-धीरे खराब होने लगी है।

ग्रामीणों और किसानों ने बताया कि पहले बारिश का पानी सड़क किनारे बनी नाली से आसानी से निकल जाता था, लेकिन सड़क निर्माण के दौरान नाली को बंद कर दी गई। अब बारिश का पूरा पानी खेतों में भर रहा है, जिससे धान की फसल सड़ने लगी है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि सड़क किनारे कई स्थानों पर कटाव शुरू हो गया है। इससे सड़क की मजबूती पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं और भविष्य में दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई, जिसका खामियाजा अब किसानों को भुगतना पड़ रहा है।



## ग्रामीणों ने प्रशासन से लगाई गुहार

### आंदोलन की चेतावनी

किसानों और ग्रामीणों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि संडी जारा–तिल्दा मार्ग का तत्काल निरीक्षण कराया जाए। पटी हुई नालियों को दोबारा खोला जाए तथा बारिश के पानी की सुचारु निकासी की व्यवस्था की जाए, ताकि किसानों की धान की फसल को बचाया जा सके और सड़क को भी नुकसान से बचाया जा सके। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समक्ष विरोध दर्ज कराने को मजबूर होंगे।



## खबर संक्षेप



### हथबंद में धूमधाम से मना माता पहुंचनी पर्व

**हथबंद**। हथबंद में गांव के परंपरागत त्योहार माता पहुंचनी का पर्व गुरुवार को धुमधाम से मनाया। ग्रामीणों ने बताया कि आषाढ़ मास में गांव के प्रमुख देवी शीतला माता मंदिर प्रांगण में यह पर्व आस्था और श्रद्धा के साथ सेवा गीतों के साथ मनाया जाता है, गांव के सभी घरों से भक्त अपने घर परिवार के सुख स्वास्थ्य शांति के लिए मन्नत मांगने नारियल फूल और अगरबत्ती लेकर अपने श्रद्धा से गांव की खुशहाली की कामना लेकर लोग पहुंचते हैं। जहां गांव के बैगा द्वारा नीम पत्ती पानी का छिड़काव करते हैं लोग अपने घरों में पानी के छिड़काव हेतु ले जाते हैं।

### प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 5 अगस्त तक

**बिलाईगढ़**। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत राज्य में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2026–27 की कक्षा 9वीं में परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात विभागीय वेबसाइट पर काउन्सलिंग हेतु छात्र, छात्राओं की सूची एवं तिथि प्रदर्शित की गई है। प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु काउन्सलिंग आवंटित प्रयास आवासीय विद्यालयों में 22 जुलाई से 5 अगस्त तक विद्यालय में सुबह 11 से 4 बजे तक होगा। काउन्सलिंग के दौरान जरूरी दस्तावेज उत्तीर्ण छात्र, छात्राओं को निर्धारित काउन्सलिंग तिथि को अनिवार्य दस्तावेज लेकर काउन्सलिंग स्थल में उपस्थित होना होगा।

## निधन

### उत्तम कन्नौजे



**भवानीपुर**। गिद्धपुरी निवासी उत्तम कन्नौजे का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे चंद्रप्रभा कन्नौजे पति टिकेश्वर कन्नौजे के भाई व नितिन कन्नौजे तथा गायत्री कन्नौजे के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, समाजजन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।

## जल निकासी एवं कृषि कार्यों में सावधानी बरतने की सलाह

# कृषि विज्ञान केंद्र ने किसानों को दी मौसम आधारित कृषि सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), भाटापारा द्वारा किसानों के लिए खरीफ फसलों, उद्यानिकी एवं पशुपालन संबंधी विस्तृत मौसम आधारित कृषि सलाह जारी की है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार आगामी कुछ दिनों तक जिले में घने बादल छाए रहने के साथ मध्यम वर्षा होने की संभावना है। ऐसे मौसम में किसानों को खेतों में जलभराव, पोषक तत्वों की हानि, खरपतवारों की तीव्र वृद्धि तथा कीट एवं रोगों के प्रकोप की आशंका को ध्यान में रखते हुए सभी कृषि कार्य मौसम की स्थिति के अनुरूप करने की सलाह दी गई है। कृषि विज्ञान केंद्र ने किसानों से अपील की है कि वे मौसम पूर्वानुमान के आधार पर ही कृषि निर्णय लें, जिससे उत्पादन लागत कम हो तथा फसलों की उत्पादकता एवं गुणवत्ता बनी रहे।

कृषि विज्ञान केंद्र, भाटापारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अंगद सिंह राजपूत ने किसानों से अपील की है कि वे मौसम आधारित कृषि सलाह का पालन करते हुए सभी कृषि कार्यों की उचित योजना बनाएं। अनावश्यक रासायनिक दवाओं के उपयोग से बचें तथा फसलों, उद्यानिकी एवं पशुपालन में केवल वैज्ञानिक एवं अनुशंसित तकनीकों को अपनाएं। किसी भी तकनीकी जानकारी, कृषि समस्या के समाधान अथवा मौसम आधारित कृषि परामर्श के लिए किसान कृषि विज्ञान केंद्र, भाटापारा के वैज्ञानिकों से संपर्क कर सकते हैं।

### धान रोपाई जल्द पूरी करें

कृषि वैज्ञानिकों ने धान उत्पादक किसानों को विशेष रूप से सलाह दी है कि जिन क्षेत्रों में रोपाई का कार्य अभी शेष है, वहां इसे यथाशीघ्र पूरा कर लिया जाए ताकि फसल की वृद्धि समय पर हो सके। रोपाई के बाद खेतों में अनावश्यक जलभराव न होने दें तथा अतिरिक्त वर्षा होने की स्थिति में निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। खेतों में लंबे समय तक अनावश्यक पानी भरे रहने से पौधों की जड़ों में ऑक्सीजन की कमी, पोषक तत्वों का असंतुलन तथा रोगों का प्रकोप बढ़ सकता है। इसलिए खेत की मेड़ों एवं निकासी नालियों की नियमित निगरानी करना आवश्यक है।



### फलदार पौधों की सुरक्षा पर जोर

पशुपालन के क्षेत्र में कृषि विज्ञान केंद्र ने पशुपालकों से अपील की है कि वर्षा ऋतु के दौरान पशुओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। गलघोटू एवं लंगड़ा बुखार जैसी संक्रामक बीमारियों से बचाव हेतु समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं। पशुओं को जलभराव वाले स्थानों पर चराने से बचें तथा पशुशालाओं में स्वच्छता, सूखापन एवं पर्याप्त वेंटिलेशन बनाए रखें। वर्षा ऋतु में परजीवी एवं कृमि संक्रमण की संभावना अधिक रहती है, इसलिए आवश्यकतानुसार पशु चिकित्सक की सलाह से कृमिनाशक एवं परजीवीनाशक दवाओं का उपयोग करें। अधिक दुग्ध उत्पादन बनाए रखने के लिए पशुओं को प्रतिदिन लगभग 25–30 किलोग्राम हरा चारा, संतुलित मात्रा में सूखा चारा तथा 25–30 ग्राम मिनरल मिश्रण खिलाने की अनुशंसा की गई है।

### बारिश में पशुओं के स्वास्थ्य का रखें विशेष ध्यान

उद्यानिकी फसलों के संबंध में कृषि विज्ञान केंद्र ने किसानों को सलाह दी है कि सब्जी फसलों की बुवाई एवं पौधरोपण कार्य मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए करें। केला, पपीता, आम एवं अमरूद जैसे फलदार पौधों के नए रोपण में जल निकासी की विशेष व्यवस्था करें, ताकि पौधों की जड़ों में सड़न न हो। अदरक एवं हल्दी जैसी कंदीय फसलों में मल्चिंग करने से नमी संरक्षण के साथ-साथ खरपतवार नियंत्रण में भी सहायता मिलती है, इसलिए किसानों को मल्चिंग अपनाने की सलाह दी गई है। फलदार वृक्षों में कटाई-छंटाई के बाद कटे हुए भागों पर बोर्डो पेस्ट लगाने की अनुशंसा की गई है, जिससे रोगजनक फफूंद एवं जीवाणुओं का संक्रमण रोका जा सके।

### कीटनाशक-खरपतवारनाशी छिड़काव से बचें

जिन किसानों ने धान की सीधी बुवाई की है, उन्हें वर्तमान मौसम में खरपतवारनाशी का छिड़काव स्थगित रखने की सलाह दी गई है। लगातार वर्षा एवं अधिक नमी की स्थिति में खरपतवारनाशी का प्रभाव कम होने के साथ-साथ फसल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। मौसम साफ होने तथा खेत की उपयुक्त स्थिति बनने के बाद ही अनुशंसित खरपतवारनाशियों का उपयोग करें। साथ ही धान की खेती में केवल प्रमाणित एवं अनुशंसित किस्मों के बीज तथा बीजोपचारित बीजों का उपयोग करने पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे प्रारंभिक अवस्था में रोगों एवं कीटों से सुरक्षा प्राप्त हो सके तथा स्वस्थ पौधों की स्थापना हो। सोयाबीन, अरहर, मूंगफली, मक्का, मूंग एवं उड़द जैसी खरीफ फसलों के संबंध में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी है कि वर्तमान मौसम में रासायनिक खरपतवारनाशी एवं कीटनाशकों का छिड़काव न करें। वर्षा के दौरान या वर्षा की संभावना वाले दिनों में दवाओं के छिड़काव से उनका प्रभाव कम हो जाता है तथा किसानों का आर्थिक नुकसान भी होता है। किसानों को खेतों की नियमित निगरानी करते हुए केवल आवश्यकता पड़ने पर ही अनुशंसित रसायनों का उपयोग करने तथा मौसम साफ होने के बाद ही कृषि रक्षा उपाय अपनाने की सलाह दी गई है। साथ ही फसलों में जलभराव से बचाव के लिए अतिरिक्त पानी की शीघ्र निकासी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया है, क्योंकि अधिक नमी से पौधों की वृद्धि प्रभावित होने के साथ-साथ जड़ गलन एवं अन्य फफूंदजनित रोगों का प्रकोप बढ़ सकता है।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पंजीयन में जिला तीसरे स्थान पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में 15 जून से 15 जुलाई तक अधिक से अधिक हितग्राहियों को पंजीयन हेतु विशेष अभियान आयोजित की गई। जिले कुल 850 हितग्राहियों का पंजीयन किए जाने के लक्ष्य प्रदाय किया गया था, जिसके विरुद्ध उपलब्धि का प्रतिशत 198.5 रहा जो प्रदेश में तृतीय रैंक में है।

- विशेष पंजीयन अभियान में 850 के लक्ष्य के विरुद्ध 198 .5 प्रतिशत उपलब्धि

प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना में निर्धारित मापदंडों में पात्र परिवारों के प्रथम बच्चे के जन्म पर 2 किश्तों में राशि 5000 तथा द्वितीय बालिका संतान होने पर एकमुश्त रू. 6000 दिए जाने का प्रावधान है। उक्त योजना का विशेष अभियान के दौरान मैदानी अमलों ,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, पर्यवेक्षकों ,परियोजना अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन मॉनिटरिंग, पर्यवेक्षकों का समीक्षा बैठक कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का निर्देशित कर सभी पात्र हितग्राहियों का चयन कर पंजीयन कराया गया।प्रधानमंत्री मातूवदना योजना के अंतर्गत 15 जून से 15 जुलाई तक विशेष पंजीयन अभियान को सफल बनाने में जिला कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा प्रतिदिन मॉनिटरिंग कार्य किया गया एवं सभी परियोजना के समस्त परियोजना अधिकारियों का समय में सत्यापन कार्य किया जाना एवं समस्त सेक्टर पर्यवेक्षकों को प्रति दिन सत्यापन कार्य किया जाना उल्लेखनीय रहा। मुख्य भूमिका आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का है, जिन्होंने तकनीकी समस्याओं का सामना करते हुए भी अपने कार्य दायित्व को समझते हुए अपने हितग्राहियों को जागरूक कर निर्धारित समयवधि में अधिक से अधिक पंजीयन कार्य किया और शतप्रतिशत से अधिक पंजीयन कर प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना में राज्य में बलौदाबाजार जिले को 3 रैंक में स्थान दिलाकर मिसाल कायम की है।

# वारंटी अवधि में वाहन की निःशुल्क करनी होगी मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा वाहन कम्पनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए परिवादी के वाहन को उसकी पूर्ण संतुष्टी के साथ निःशुल्क सुधारकर दिये जाने, वाहन सुधारकर नहीं दिये जाने की स्थिति में वाहन के आईडीव्ही मूल्य प्रदाय किये जाने एवं उपभोक्ता को मानसिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 15000 तथा वाद-व्यय हेतु 7000 रूपये परिवादी को प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया गया है।

आयोग के अध्यक्ष रंजना दत्ता एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चावला व शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों एवं संबंधित नियम आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि परिवादी का वाहन वारंटी अवधि में था। विरोधी पक्षकारगण के द्वारा वारंटी अवधि में होने के उपरांत भी मरम्मत कर उन दोषों को दूर नहीं किया जा सका जो कि विरोधी पक्षकारगण के व्यावसायिक कदाचरण एवं सेवा में उपेक्षा को दर्शाती है। विरोधी पक्षकारगण को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए 30 दिवस के भीतर उक्त वाहन को परिवादी की पूर्ण संतुष्टि के साथ निःशुल्क सुधारकर दिये जाने तथा वाहन सुधारकर नहीं दिये जाने की स्थिति में वाहन के आईडीव्ही मूल्य 45 दिवस के भीतर किये जाने एवं उपभोक्ता को मानसिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 15000 तथा बाद-व्यय हेतु 7000 रुपये परिवादी को प्रदाय किये जाने का आदेश किया गया है।

### कंपनी पर लापरवाही का आरोप

जानकारी के अनुसार ग्राम लच्छनपुर निवासी लक्ष्मीनारायण गायकवाड़ ने विरोधी पक्षकार क्र.1 बेनाली मोटर लिमिटेड हैदराबाद द्वारा निर्मित बेनाली मोटरसाइकिल विरोधी पक्षकार क्र.2 देवांस बाईक वर्ड, चंगोरभाठा रायपुर से खरीदा था। तकनीकी खराबी आने से उक्त वाहन का इंजन खराब हो गया जिसे विरोधी पक्षकारगण के निर्देशों पर रायपुर एवं बिलासपुर में कंपनी के शोरूम व सर्विसिंग सेंटर में बनाने का काफी प्रयास किया गया परन्तु वाहन में पूर्णतः सुधार नहीं हुआ सामान्य सर्विसिंग कर वाहन उपभोक्ता को प्रदाय कर आश्वासन दिया गया कि यदि कोई खराबी भविष्य में आती है तो उपभोक्ता के गृह ग्राम में आकर उत्तका निराकरण निःशुल्क किया जाएगा। कुछ दिवस उपरांत वाहन में पुनः खराबी आयी जिसकी सूचना एवं शिकायत विरोधी पक्षकारगण को किया गया वाहन वारंटी अवधि में था, परन्तु विरोधी पक्षकारगण द्वारा वाहन सुधारने में कोई रुचि नहीं दिखाई गई, न ही उपभोक्ता की शिकायत का निराकरण किया गया जिससे परिवेदित होकर परिवादी द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत किया गया।

# 10 निर्माण कार्यों को मिली प्रशासनिक स्वीकृति

**सिमगा**। ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बलौदाबाजार दिव्या अग्रवाल द्वारा वीबी ग्रामजी योजना अंतर्गत जनपद पंचायत सिमगा के 10 निर्माण कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृत कार्यों में 2 मुक्तिधाम निर्माण कार्य एवं 8 स्टैगर्ड ट्रेंच निर्माण कार्य शामिल हैं। मुक्तिधाम निर्माण हेतु ग्राम पंचायत खैरवारी (बासीन) एवं ग्राम पंचायत मोटियारीडीह का चयन किया गया है। इन दोनों ग्राम पंचायतों में लंबे समय से मुक्तिधाम निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। वहीं अन्य ग्रामों में झीपन, मोटियारीडीह, अमेरी, कुकराचुंदा, खिलोरा, गोरदी, फरहदा, शिकारी - केसली, एवं आमाकोनी शामिल हैं। जिला प्रशासन द्वारा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इन कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त स्वीकृत 8 स्टैगर्ड ट्रेंच निर्माण कार्यों के माध्यम से वर्षा जल संरक्षण, भू-जल संवर्धन, मृदा संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इन कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिमगा सीपी मनहर ने बताया कि प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत संबंधित सभी ग्राम पंचायतों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। ग्राम पंचायतों द्वारा शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा तथा सभी कार्य निर्धारित गुणवत्ता एवं समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं।






# खाद्य विभाग की टीम ने शिक्षण संस्थानों के पास संचालित दुकानों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार तथा सहायक औषधि नियंत्रक के मार्गदर्शन में गुरुवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने विकासखंड कसडोल में संचालित शिक्षण संस्थान के 100 मीटर के दायरे में संचालित पान ठेला, गुमटियों, किराना दुकान होटलों का निरीक्षण किया। कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4/6 का उल्लंघन करते पाए जाने पर 10 पान ठेला,गुमटियों, होटलों एवं टी स्टॉल से 1900 रूपये का जुर्माना वसूल किया गया।

इस दौरान दुकान संचालकों को धूम्रपान निषेध वाले एवं नाबालिक को तम्बाकू उत्पाद नही बेचे जाने की सूचना के बोर्ड का प्रदर्शन अधिसूचना अनुसार किये जाने के बारे में बताया गया। संचालकों को यह भी निर्देश दिया गया कि सार्वजनिक स्थल में माचिस, लाईटर, ऐश ट्रे या अन्य कोई वस्तु जो धूम्रपान को बढ़ावा देती है, काउंटर पर लोगो को उपलब्ध ना करायें। संचालकों को शिक्षण संस्थान के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद ना बेचने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही संचालकों को नाबालिगों को तम्बाकू उत्पाद विक्रय नहीं करने संबंधी कड़े निर्देश दिए गए। आमजनो को भी सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान न करने जागरूक किया गया। कार्यवाही में खाद्य एवं औषधि प्रशासन से औषधि निरीक्षक नीलिमा साहु, स्वास्थ्य विभाग से वीरेंद्र प्रसाद बंजारे एवं पुलिस प्रशासन से प्रधान आरक्षक मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

## नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण के लिए आवेदन 10 अगस्त तक

**बलौदाबाजार**। जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, सकरी, बलौदाबाजार में 5 दिवसीय प्रशिक्षण एवं सर्टिफिकेशन हेतु आवेदन 10 अगस्त तक आमंत्रित किये गए हैं। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 अंतर्गत आरपीएल के तहत जल वितरक संचालक, अस्सिटेंट इलेक्ट्रीशियन, सोलर पी.व्ही. इन्सटालर (सूर्यमित्र) एवं जनरल ड्यूटी असिस्टेंट में पूर्व प्रशिक्षित एवं अनुभवी हितग्राही जिनको अपनी योग्यता एवं अनुभव के आधार पर कौशल प्रमाण पत्र की आवश्यकता है वे इस प्रशिक्षण का लाभ ले सकते है। प्रशिक्षण प्रतिदिन 6 घंटा पूर्ण होने उपरांत परीक्षा ली जाएगी।आयु सीमा 18 वर्ष से 45 वर्ष तक। हितग्राहियों के पास आधार कार्ड होना अनिवार्य है। प्रशिक्षण हेतु संयुक्त भवन कलेक्टर कार्यालय कक्ष क्रमांक 70 जिला कौशल विभाग जिला बलौदाबाजार-भाटापारा तथा जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, सकरी, बलौदाबाजार में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

## बारिश में सुरजपूर का नाला लबालब



**भाटापारा**। भाटापारा से सुरजपुरा सिंगारपुर मार्ग पर शहर से 3 से 4 किमी दूर सुरजपुरा के पास पडने वाला नाला के पुलिया के उपर बारिश का पानी सडक के उपर से बहने से आवागमन में लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पानी सड़क के उपर से बहने के कारण खतरा भी बना रहता है। क्योंकि पानी भरे सडक के किस हिस्से गड्ढा है, इसका पता नहीं चलता, जहां से गुजरते समय वाहन चालकों को दुर्घटना का भय बना रहता है, जिस स्थान में पानी सड़क के उपर बह रहा है, वहां से पानी की निकासी समुचित रूप से नहीं होने के कारण पानी सड़क के उपर से एक से डेढ फीट उपर बह रहा है। वहीं बारिश होने से पानी लेबल और बढ जाता है। ग्रामवासियों की मांग है कि उक्त पुलिया की ऊंचाई बढाकर पानी की निकासी व्यवस्था की जाय।

**कार्यक्रम : पुलिस का हायर सेकंडरी स्कूल में वृहद जागरूकता कार्यक्रम**

# पुलिस की विशेष जागरूकता कार्यशाला, साइबर सुरक्षा यातायात नियम और बाल संरक्षण की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

जिला में पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों एवं आम नागरिकों को जागरूक करने लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 23 जुलाई को थाना गिधौरी पुलिस एवं यातायात शाखा कसडोल की संयुक्त टीम द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिधौरी में एक दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया।



पुलिस टीम द्वारा वर्तमान में बढ़ रहे साइबर फ्रॉड जैसे डिजिटल अरेस्ट, ई-केवाईसी अपडेट के नाम पर ओटीपी ठगी और बैंक खातों के अवैध इस्तेमाल के बारे में विस्तार से समझाया गया। टीम ने सतर्क करते हुए बताया कि साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल पर शिकायत दर्ज कराएं।

व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और फेसबुक का इस्तेमाल करते समय अपनी निजी जानकारी, फोटो और लोकेशन अज्ञात लोगों से शेयर न करने तथा प्राइवेसी सेटिंग्स को मजबूत रखने के संबंध में अहम जानकारियां दी गईं।

यातायात शाखा कसडोल की टीम द्वारा विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराया गया। बिना हेलमेट दुपहिया न चलाने, बाइक पर तीन सवारी (ट्रिपल राइडिंग) न बैठने, नाबालिगों द्वारा वाहन न चलाने और ड्रिंक एंड ड्राइव (नशे में वाहन चलाना) के खतरों से आगाह करते हुए यातायात नियमों का सदैव पालन करने की समझाइश दी गई।

छोटे बच्चों एवं छात्राओं को 'गुड टच और बैड टच' के अंतर को समझाते हुए पॉक्सो एक्ट, बाल अधिकारों और सुरक्षा संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं को किसी के भी बहकावे या लालच में आकर बिना बताए घर/स्कूल न छोड़ने तथा विषम परिस्थितियों से बचने हेतु सजग रहने की सलाह दी गई।

पुलिस अधिकारियों ने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के साथ-साथ पढ़ाई और भविष्य पर इसके पड़ने वाले घातक असर के बारे में बारीकी से समझाया। कार्यक्रम में प्राध्यापकों एवं छात्रों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

## आत्मानंद के छात्रों ने मनाई डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती



**भाटापारा**। स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ के छात्र-छात्राओं द्वारा डॉक्टर खूबचंद बघेल की जयंती हर्षोल्लाह से मनाई। समाज के अतिथि सेवाराम वर्मा, रमेश वर्मा, हेमलाल वर्मा, सुरेश वर्मा एवं प्राचार्य जय लाल कश्यप तथा शिक्षिकाओं ने माता सरस्वती डॉ खूबचंद बघेल, महात्मा गांधी, सरदार पटेल एवं स्वामी आत्मानंद के छायाचित्रों में माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। अतिथियों ने डॉ खूबचंद बघेल की जीवनी एवं उनके उल्लेखनीय कार्यों को बताएं, विद्यापीठ की बालिकाओं ने छत्तीसगढ़ी गीत पर नृत्य प्रदर्शन किए। ठाकुर मैडम ने आभार व्यक्त किया।

# हायर सेकंडरी स्कूल देवरी में छात्राओं को साइकिल वितरित

**भाटापारा**। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवरी में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने सम्मिलित होकर पात्र छात्राओं को सायकिल वितरित की।

इस मौके पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे हम अपने जीवन को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। बेटियां किसी से कम नहीं हैं। यदि उन्हें सही अवसर और संसाधन मिलें तो वे हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर सकती हैं। शर्मा ने बच्चों से नियमित अध्ययन, अनुशासन और संस्कारों को अपनाने का आह्वान किया। कहा कि आप ही कल के भारत के कर्णधार हैं। मेहनत और लगन से पढ़कर अपने माता-पिता, गुरुजनों और क्षेत्र का गौरव बढ़ाएं।



शिवरतन शर्मा ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं के साथ वृक्षारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह हम बच्चों को पढ़ा-लिखाकर उनका भविष्य संवारते हैं, उसी तरह एक-एक पौधा लगाकर धरती माँ को भी हरा-भरा बनाना है। पर्यावरण बचाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, नरेश साहू, सेवक साहू, विद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

# स्वच्छता सहित अनेक मुद्दों पर हुई चर्चा

**पलारी**। बृजलाल वर्मा महाविद्यालय के सभागार पलारी में भारत स्काउटस एवं गाइड्स की स्थानीय बैठक हुई। इसमें जिला मुख्य आयुक्त डॉ. अजय राव सहायक जिलायुक्त स्काउट विकासखंड शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार वर्मा तथा बीआरसी जीवन लाल जोशी एवं संयुक्त सचिव कीर्ति वर्मा जिला संगठन आयुक्त स्काउट सूरज कसार सहित विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ स्काउटिंग परंपरा के अनुसार अतिथियों को स्कार्फ लगाकर स्वागत तथा प्रार्थना के साथ किया गया । विकासखंड सचिव संजीव पटेल द्वारा वार्षिक कार्यक्रम के रूपरेखा प्रस्तुत की गई, जिसमें सभी पदाधिकारीयों से चर्चा की गई तथा



आगामी शिविरों की जानकारी दी गई। साथ ही चर्चा परिचर्चा का भी आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा माहवारी स्वच्छता प्रबंधन में कार्य करने वाले रोवर रेंजर स्काउट गाइड को पुरस्कृत कर उत्साह वर्धन किया गया। महामारी स्वच्छता की जानकारी एमएचएम लीडर नेहा उपाध्याय ने दी। जिला संगठन आयुक्त स्काउट सूरज कसार ने दल पंजीयन संबंधी जानकारी चार्टर वारंट कैसे बनवाएं एवं अंशदान संबंधी जानकारी साझा की। साथ ही जिला मुख्य आयुक्त अजय राव ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपणरोपण के महत्व बताया। उपाध्यक्ष अरुण वर्मा ने कहा कि ब्लॉक में जो स्काउट गाइड रोवर रेंजर की यूनिट को अच्छा कार्य करने पर सम्मान राशि व मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया जाएगा। महाविद्यालय के उप प्राचार्य वीरेंद्र कुमार खरे ने कहा कि वह स्वयं अपने विद्यार्थी जीवन में राज्यपाल पुरष्कृत स्काउट रह चुके हैं और स्काउटिंग जीवन में अनुशासन लाता है जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में स्काउटर गाइडर प्राचार्य गण एवं अतिथिगण सम्मिलित हुये साथ ही स्काउट गाइड रेंजर्स भी सम्मिलित हुई समस्त अतिथियों को भेट स्वरूप पर्यावरण के अभिन्न अंग पौधे भेंट किए गए।

## जर्वे में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने लगा टीका



**पलारी**। बीएमओ डॉ. पंकज वर्मा के मार्गदर्शन में 14 वर्ष के बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए ब्लॉक पलारी के सभी उपस्वास्थ्य केंद्रों में एचपीवी का टीका लगाया जा रहा। इसी प्रकार उपस्वास्थ्य केंद्र जर्वे के स्वास्थ्य कर्मचारी द्वारा हायर सेकंड्री स्कूल जर्वे में 18 बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया गया। जिसमें आरएचओ राकेश वर्मा, एएनएम अनुपमा वर्मा, यू. मजुमदार और सभी शिक्षकगणों का विशेष योगदान रहा।

# नवागांव हायर सेकंडरी स्कूल में छात्राओं को साइकिल वितरित

**सिमगा**। समीपस्थ ग्राम नवागांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य एवं सभापति चंद्र प्रकाश टोंडे विशेष रूप से उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि ने स्कूल की छात्राओं को शासन की योजना के तहत साइकिल प्रदान कीं। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में दूरी कभी बाधा नहीं बननी चाहिए। शासन की इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों, विशेषकर बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, शाला विकास समिति के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण व छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।







## सेमहराडीह स्कूल में शाला समिति का गठन

**रिसदा**। बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत शासकीय स्कूल सेमहराडीह में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया, जिसमें कक्षा पहली से दसवीं तक के बच्चों को मिठाई खिलाकर एवं सभी बच्चों को पेन भेंट की गई। समिति के सदस्यों द्वारा परिचय देते हुए सभी बच्चों को जीवन में शिक्षा की की महत्व को बताते हुए निरंतर स्कूल आने एवं शिक्षा ग्रहण करने बात कही गई। इस तरह के पालकों द्वारा किए गए प्रयास से सभी शिक्षक एवं बच्चे भी बहुत उत्साहित हुए। इस दौरान शाला समिति के बैठक में सरपंच प्रमिला जितेंद्र वर्मा, उप सरपंच केदारनाथ साहू, समिति के मनोनीत अध्यक्ष रवि साहू, उपाध्यक्ष तरुणा वर्मा, सदस्य गणों में लकेश्वर साहू, कीर्ति गिरी, दिलेश्वरी साहू, मंजुला ध्रुव, इंदिरा वर्मा, कांति साहू, सुखराम यादव, अर्जुन लाल ध्रुव, पुनीत यदु पंचगणो में लोकेश्वरी साहू, उत्तरा ध्रुव, सरिता यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण वह स्कूली बच्चे उपस्थित थे।



